सेवा में

श्रीमान......

माननीय ....

विषय: UP Police सिपाही भर्ती में उम्र सीमा में छूट के संबंध में प्रार्थना पत्र।

श्रीमान ....23 दिसम्बर 2023 को UP पुलिस 60244 पदों पर विज्ञप्ति निकली है जिसके फॉर्म 27 दिसंबर 2023 से 16 जनवरी 2024 तक भरवाए जाएंगे। श्रीमान इस भर्ती का इंतजार प्रदेश के लाखों युवा सालों से कर रहे थे क्योंकि इससे पहले सिपाही भर्ती अक्टूबर 2018 में आई थी जिसको 5 वर्ष से अधिक समय बीत चुका है।

श्रीमान आयु सीमा में छूट मांगने के हमारे निम्नलिखित कारण हैं।

1-इस भर्ती की घोषणा 2021 में की थी जो नहीं निकली गई टेंडर की वजह से टेंडर कोई कंपनी नहीं ले रही थी लेट होते-होते लास्ट 2023 आ गया। अब कंपनी मिली तो भर्ती निकाली गई इसमें किसी छात्र की गलती नहीं है टेंडर की वजह से भारती लेट हुई तो Age में छूट तो सभी वर्गों के लिए बनती है। चाहे OBC हो चाहे SC हो और चाहे जनरल हो Age तो सबकी बड़ी है इस दौरान।

2-उत्तर प्रदेश पुलिस सिपाही भर्ती में आयु सीमा में केवल 18 से 22 वर्ष है यह अन्य राज्यों की तुलना में यह सबसे कम है।

3-जो भी भार्ती कॉविड-19 के बाद पहली बार आई उन सभी में 2 से 3 वर्ष की आयु सीमा में छूट दी गई है जैसे MP पुलिस. भर्ती, राजस्थान पुलिस भर्ती, CRPF हेड कांस्टेबल भर्ती, SSC GD भर्ती आदि।

4-हजारों सामान्य केटेगरी के अभ्यर्थी को पुलिस भर्ती से एक भी अवसर नहीं मिलना ये उनके अवसर की समानता के अधिकार का हनन है।

5-इस भर्ती की घोषणा सर्वप्रथम माननीय मुख्यमंत्री ने 2021 में पुलिस स्मृति दिवस पर की थी जिसके अनुपालन में जनवरी 2022 भर्ती बोर्ड में Official साइट पर उत्तर प्रदेश सिपाही भर्ती 2021 के नाम से टेंडर निकला था तो उस लिहाज से इसमें आयु की गणना 1 जुलाई 2021 से की जानी चाहिए जो स्वत ही हम युवाओं के लिए 2 वर्ष की छूट हो जाएगी।

श्रीमान उपर्युक्त भर्ती तथ्यों को ध्यान में रखते हुए आपसे विनम्र आवेदन है कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा भर्ती बोर्ड को आयु सीमा में छूट के लिए आदेशित करवाया जाए जिससे बहुत से युवाओं का भविष्य गर्त से जाने से बच जाएगा। आपकी और मुख्यमंत्री जी की अति कृपया होगी।

आपका आज्ञाकारी आवेदक श्रीमान